प्रभात खबर

Bihar Crime: बिहार में नकली विक्स और आयोडेक्स के धंधे का भंडाफोड़, छापेमारी में दो बोरी माल जब्त

Bihar Crime: बिहार के बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र इंग्लिशमोड़ चौक स्थित एक दुकान में रविवार को पुलिस ने छापामारी कर दो बोरे में लगभग पांच हजार से अधिक नकली विक्स और आयोडेक्स की डिब्बी और रेपर को जब्त किया है. साथ ही प्लास्टिक के एक डब्बा में लगभग 15 लीटर विक्स व आयोडेक्स बनाने के लिए तरल पदार्थ भी जब्त किये गये हैं. छापामारी की सूचना पर मौके से धंधेबाज भागने में सफल रहे. पुलिस ने दुकान के प्रोपराइटर पप्पू मंडल को मौके से गिरफ्तार कर लिया है. वहीं दुकान से आठ हजार 760 विक्स की पैक डिब्बी, विक्स की 20 हजार 210 खाली डिब्बी, विक्स का 11 हजार 720 स्टीकर और अन्य संदिग्ध सामान जब्त किया है. दुकान से भारी मात्रा में आयोडेक्स भी जब्त किया गया है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/banka/bihar-crime-fake-vicks-and-iodex-business-busted